46

पत्र संख्या-स्था-5(ख)-ज्येष्ठता सूची लिपिक वर्गीय/2022-23// 4818 // राज्य कर,

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश,
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक:: 02 ~~जनवरी~~ फरवरी 2023

समस्त उपायुक्त (प्रशासन)/सहायक आयुक्त (ए)/
आहरण वितरण अधिकारी,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश (स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या-स्था-5(ख)-ज्येष्ठता सूची लिपिक वर्गीय/2022-23/4257/राज्य कर दिनांक 29-12-2022 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-4430 दिनांक 09-01-2023 द्वारा पूर्व मनोरंजन कर विभाग के लिपिकवर्गीय कर्मचारियों को राज्य कर विभाग की ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित करते हुए अनन्तिम ज्येष्ठता सूची-2022 जारी करते हुए निर्देश दिये गये है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची-2022 पर सम्बन्धित कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन/ आपत्तियॉ सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी प्रत्येक दशा में दिनांक 23-01-2023 तक अपनी सुस्पष्ट टिप्पणी, अपेक्षित साक्ष्यों सहित मुख्यालय उपलब्ध करायेगें।

उक्त के अनुपालन में आप द्वारा अपने विभिन्न पत्रों के माध्यम से पूर्व मनोरंजन कर विभाग के कार्मिकों की आपत्तियॉ एवं कार्मिक द्वारा प्रस्तुत विवरण प्रेषित किया गया है परन्तु अपेक्षित साक्ष्य यथा सेवापुस्तिका, नियुक्ति आदेश तथा स्थायीकरण आदेश की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध नहीं करायी गयी है जिसके अभाव में आवश्यक संशोधन/प्रविष्टि किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची-2022 में पूर्व मनोरंजन कर विभाग के अंकित कार्मिकों (प्रधान सहायक, वरिष्ठ सहायक तथा कनिष्ठ सहायक) के सेवा विवरण यथा सेवापुस्तिका, नियुक्ति आदेश तथा स्थायीकरण आदेश की प्रमाणित छायाप्रति प्रत्येक दशा में दिनांक 06-02-2023 तक मुख्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ह0/
(ओ0पी0वर्मा)
अपर आयुक्त, राज्य कर
प्रभार अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तरप्रदेश, लखनऊ।

D.C. (I.T.)
02/02/2023
6383

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक// उक्त।
प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तरप्रदेश।
2- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) प्रशिक्षण संस्थान, राज्य कर, गोमतीनगर लखनऊ।
3- समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0/उच्च न्यायालय कार्य) राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
5- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
6- सहायक आयुक्त (पूर्व मनोरंजन कर विभाग) राज्य कर, जवाहर भवन, लखनऊ।

(वीरेन्द्र कुमार)
उपायुक्त (स्था0अराज0) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।